

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच भारत निम्न आर्थिक वृद्धि के साथ ऊंची मुद्रास्फीति की संभावित स्थिति से निपटने के लिये अन्य देशों के मुकाबले बेहतर स्थिति में है. लेख में कहा गया है कि जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में शामिल अधिकतर कारक महामारी-पूर्व स्तर को पार करने के साथ घरेलू आर्थिक गतिविधियां मजबूत हो रही हैं. मई के मुद्रास्फीति आंकड़ों ने कुछ राहत दी है. इसमें सात महीने की निरंतर वृद्धि के बाद गिरावट दर्ज की गयी है. देश की आर्थिक वृद्धि दर 2021-22 में 8.7 प्रश रही. इसके साथ यह महामारी-पूर्व स्तर (2019-20) को पार कर गई है। इतना ही नहीं वित्त वर्ष 2022-23 में अबतक पुनरुद्धार मजबूत बना हुआ है.




# बैंक एजेंटों पर RBI सख्त

## ग्राहक को परेशान नहीं कर सकेंगे, खराब भाषा और धमकी देना भी बर्दाश्त नहीं

■ **दिल्ली, एजेंसियां.** बैंक के एजेंट अब कर्ज वसूली के लिए ग्राहकों को परेशान नहीं कर सकेंगे. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को इस पर चिंता जताते हुए सख्त रुख अपनाया. उन्होंने कहा कि बैंकों के एजेंटों का ग्राहक को परेशान करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. गवर्नर दास ने कहा कि कर्ज वसूली के लिए एजेंटों द्वारा ग्राहक को वक्त-बेवक्त फोन करना, खराब भाषा में बात करना सहित अन्य कठोर तरीकों का इस्तेमाल कतई स्वीकार्य नहीं है. बैंकों के पास कर्ज वसूली का अधिकार है लेकिन इससे किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए. खासकर एजेंट की ओर से आने वाले फोन कॉल्स को लेकर बैंकों को पर्याप्त गाइडलाइन का पालन करना चाहिए और उन्हें दिशा-निर्देश भी दिए जाने चाहिए.

**डिजिटल कर्ज बांटने की प्रक्रिया बनाएंगे :** गवर्नर दास ने कहा कि डिजिटल तरीके से कर्ज प्रदान करने की प्रणाली को सुरक्षित और मजबूत बनाने के लिए रिजर्व बैंक जल्द दिशा-निर्देश जारी करेगा. उन्होंने इस बात पर भी चिंता जताई कि किस तरह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लोगों के साथ कर्ज बांटने के नाम पर ठगी की जा रही है. हालांकि इस बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए आरबीआई समय-समय पर गाइडलाइन भी जारी करता है.

### महंगाई : नीतियां जिम्मेदार नहीं



- आरबीआई पर बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर सही समय पर कदम नहीं उठा पाने के आरोपों को खारिज करते हुए दास ने नीतिगत कदमों का बचाव किया और कहा कि केंद्रीय बैंक अगर और पहले मुद्रास्फीति प्रबंधन पर ध्यान देने में लग जाता तो इसके परिणाम अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी हो सकते थे.
- उच्च मुद्रास्फीति को बर्दाश्त करना आवश्यक था, हम अपने फैसले पर कायम हैं. केंद्रीय बैंक आर्थिक परिवर्तनों की जरूरतों को देखते हुए कदम उठा रहा था.
- दास ने कहा कि आरबीआई के नियमों में यह स्पष्ट कहा गया है कि मुद्रास्फीति का प्रबंधन वृद्धि संबंधी हालात को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी के मद्देनजर आरबीआई ने वृद्धि की ओर ध्यान दिया और सुगम नकदी परिस्थितियां बनने दीं.
- इसके बावजूद 2022-21 में अर्थव्यवस्था 6.6 फीसदी संकुचित हो गई थी. केंद्रीय बैंक ने यदि अपना रुख पहले बदल लिया होता तो 2021-22 में वृद्धि पर इसका असर पड़ सकता था.

### बड़ी IT कंपनियों के वित्तीय कारोबार में आने से बढ़ी चिंता

आरबीआई) गवर्नर दास ने कहा कि बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के वित्तीय कारोबार में उतरने से कर्जदार के स्तर पर अत्यधिक कर्ज लेने और उसे न चुका पाने जैसी प्रणालीगत चिंताएं पैदा हो सकती हैं. गूगल, अमेजन और फेसबुक (मेटा) जैसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के वित्तीय कारोबार में आने से प्रतिस्पर्धा और डेटा निजता को लेकर सवाल खड़े हो जाएंगे. उनके (बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां) साथ जोखिम जुड़े हैं, जिसका उचित तरीके से आकलन करना और जिससे निपटना जरूरी है. इस तरह की कंपनियों में शामिल हैं ई-वाणिज्य कंपनियां, सर्च इंजन और सोशल मीडिया मंच जिन्होंने अपने स्तर पर या साझेदारी के जरिए 'बड़े स्तर पर' वित्तीय सेवाओं की पेशकश करना शुरू कर दिया है और इस तरह कर्ज आकलन के नए तौर-तरीकों का इस्तेमाल होने लगा है.

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 3.39 लाख करोड़ के पार

**45 प्रश की बढ़ोतरी**

**दिल्ली (ए).** अग्रिम कर संग्रह अच्छा रहने से चालू वित्त वर्ष में जून के मध्य तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 45 प्रश बढ़कर 3.39 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया. आयकर विभाग ने कहा कि इस दौरान 3.39 लाख करोड़ रुपये के शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में कॉरपोरेट कर की हिस्सेदारी 1.70 लाख करोड़ रुपये रही. इसके अलावा प्रतिभूति लेनदेन कर सहित व्यक्तिगत आयकर के रूप में 1.67 लाख करोड़ रुपये से अधिक संग्रह हुआ. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने कहा वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 16 जून, 2022 तक प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह बढ़कर 3,39,225 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल की इसी अवधि में 2,33,651 करोड़ रुपये था. इस तरह इसमें 45% की वृद्धि हुई. चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में अग्रिम कर संग्रह 1.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 75,783 करोड़ रुपये था.

# 2 वर्षों में सेंसेक्स-निफ्टी का सबसे खराब हफ्ता

■ **मुंबई, एजेंसियां.** अस्थिर कामकाज के दौरान शुक्रवार को शेयर बाजार में फिर से गिरावट देखी गई. गुरुवार को हरे रंग में खुलने के बाद मार्केट जोरदार गिरावट के साथ बंद हुआ था. शेयर बाजार मई 2020 के बाद सबसे खराब दौर से गुजर रहा है. देखा जाये, तो सेंसेक्स-निफ्टी के लिए यह हफ्ता सबसे खराब साबित हुआ.

बाजार में लगातार छठे दिन गिरावट रही. बीएसई सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार 135 अंक टूटकर बंद हुआ. वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और कच्चे तेल के दाम में तेजी से बाजार नीचे आया. तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 135.37 अंक यानी 0.26 प्रश की गिरावट के साथ 51,360.42 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान मानक सूचकांक 574.57 अंक तक लुढ़क गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 67.10 अंक यानी 0.44 प्रश की गिरावट के साथ 15,293.50 अंक पर बंद हुआ.



**135.37 अंक की गिरावट**

■ **एशियाई बाजार :** एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में जबकि हांगकांग का हैंगसेंग और चीन में शंघाई कंपोजिट सूचकांक लाभ में रहे.

■ **120.96 डॉलर प्रति बैरल पर क्रूड :** अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.96% उछलकर 120.96 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया.

**5 पैसे तेज रुपया**

विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 5 पैसे की तेजी के साथ 78.05 प्रति डॉलर पर बंद हुआ. घरेलू शेयर बाजार में सुस्ती के रुख और विदेशी पूंजी बाजार से धन निकासी के बावजूद रुपया लगभग स्थिर रहा. बाजार सूत्रों के अनुसार, विदेशों में डॉलर के मजबूत होने और कच्चा तेल कीमतों में तेजी ने रुपये की बढ़त पर अंकुश लगाया.

# US मार्केट में मचा हाहाकार



**वाशिंगटन (ए).** अमेरिकी स्टॉक मार्केट की भी रिकॉर्ड बिकवाली से शुरुआत हुई है. महंगाई के डर की वजह से अमेरिका का स्टॉक मार्केट रेंगता नजर आया. शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मार्केट के सूचकांक-एसएंडपी 500 में 3% की गिरावट दर्ज की गई. सभी 11 प्रमुख एसएंडपी सेक्टर सुबह के कारोबार में गिरे. मेगा मार्केट कैपिटल वाली कंपनियां- अमेजान, माइक्रोसाफ्ट, एप्पल और टेस्ला ने भी घुटने टेक दिए. ये स्टॉक्स 2.5% और 6% के बीच फिसल गए. प्रमुख अमेरिकी बैंकों में सबसे ज्यादा मॉर्गन स्टेनली में 4% की गिरावट दर्ज की गई. अमेरिकी शेयर बाजार के खुलते ही एक अन्य सूचकांक- डॉउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 692.04 अंक या 2.26% नीचे 29,976.49 पर और नैस्डैक कंपोजिट 355.94 अंक या 3.21% नीचे 10,743.21 अंक पर कारोबार कर रहे थे.

## QUICK NEWS

### चंदा कोचर का मामला सेबी के पास

**दिल्ली.** प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रमुख चंदा कोचर से संबंधित मामले को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास भेज दिया है. यह मामला नियामक द्वारा कोचर को भेजे गए संशोधित कारण-बताओ नोटिस से संबंधित है. नियामक ने यह नोटिस सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी एन श्रीकृष्ण की रिपोर्ट के विश्लेषण के बाद भेजा था.

### TDS प्रावधान को लेकर दिशा-निर्देश

**दिल्ली.** आयकर विभाग ने किसी कारोबार या पेशे में प्राप्त लाभों के संदर्भ में स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) के नये प्रावधान के उपयोग को लेकर दिशानिर्देश जारी किया. विभाग ने कहा कि इस तरह के लाभ या तो नकद या वस्तु अथवा आंशिक रूप से इन दोनों रूपों में हो सकते हैं. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने यह भी कहा कि भुगतानकर्ता, कटौतीकर्ता को प्राप्तकर्ता के हाथ में राशि को लेकर कराधान जांच करने की आवश्यकता नहीं है.

# RoSCTL स्कीम : वस्त्र निर्यातकों की बढ़ी परेशानी

## सरकार से समीक्षा करने की मांग

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** देश के वस्त्र निर्यात को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गयी प्रोत्साहन स्कीम 'रिबेट ऑफ स्टेट एंड सेंट्रल टैक्सेज एंड लेवीज' (RoSCTL) निर्यातकों के बजाय आयातकों के लिए फायदेमंद बन रही है.



उद्योग संस्था गारमेंट एक्सपोर्ट मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन (जीईएमए) के अध्यक्ष विजय जिंदल ने कहा कि यह योजना भारत के वस्त्र उद्योग को प्रतिस्पर्धी बनाने के इरादे से शुरू की गई थी, लेकिन सितंबर 2021 में किए गए बदलाव के बाद निर्यातकों के लिए परेशानी का सबब बन गयी है. यह बदलाव इस पूरी योजना के उद्देश्य और मंशा पर पानी फेर रहा है इसलिए सरकार को निर्यातकों के हित में इस योजना की तुरंत समीक्षा करनी चाहिए.

### 20% हुआ डिस्काउंट

जीईएमए के अध्यक्ष ने कहा कि यह स्कीम निर्यातकों द्वारा इनपुट पर पहले से भुगतान किए गए करों, लेवी आदि से छूट प्रदान करती है लेकिन इस छूट को उन स्क्रिप में बदल दिया गया, जो व्यापार योग्य हैं. निर्यातक, आयातकों को यह स्क्रिप बेच सकते हैं. आयातक बदले में नकद आयात शुल्क भुगतान के विकल्प के रूप में इन खरीदी गई स्क्रिपों से शुल्क का भुगतान कर सकते हैं. इनकी बिक्री पहले भी डिस्काउंट पर होती थी, लेकिन यह डिस्काउंट 3% से बढ़कर 20% हो गया है. स्क्रिप पर इस डिस्काउंट से वस्त्र आयातक, निर्यातकों की कीमत पर अनुचित लाभ उठा रहे हैं. अगर सरकार इस संरचना में तुरंत बदलाव नहीं करती है तो निर्यात प्रभावित होने लगेगा और रोजगार पर भी असर पड़ेगा.

स्विगी, जोमेटो को FSSAI ने दिया निर्देश

# व्यंजन के साथ दें पोषक तत्वों की जानकारी

■ **दिल्ली, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने ऑनलाइन खाना ऑर्डर और डिलिवरी सुविधा देने वाली स्विगी और जोमेटो जैसी कंपनियों को एक जुलाई से उसके निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है. इसके तहत इन कंपनियों को यह सुनिश्चित करना है कि जिस रेस्तरां या होटल का खाना वह डिलिवरी करते हैं, उस पर पोषक तत्वों की पूरी जानकारी हो. सभी ई-कॉमर्स खाद्य कारोबार परिचालकों को लिखे पत्र में एफएसएसएआई ने उनसे कहा है कि वे अपने मोबाइल एप सहित अपने तमाम मंचों पर खाद्य वस्तु में उपस्थित कैलोरी, पोषक तत्वों की मौजूदगी एवं दुष्प्रभावों से संबंधित जानकारी को प्रदर्शित करने का प्रावधान करें. इससे एफबीओ, ऑनलाइन मंच पर आंकड़ों को दर्शाने में सक्षम होंगे. एफएसएसएआई खाद्य सेवा प्रतिष्ठानों के लिए वर्ष 2020 में लेबलिंग और प्रदर्शन नियमों को लेकर था.

# USO के दायरे में दूरदराज के पेट्रोल पम्प



**दिल्ली, एजेंसियां.** सरकार ने निजी ईंधन खुदरा विक्रेताओं पर लगाम लगाने के लिए सार्वभौमिक सेवा उत्तरदायित्व (यूएसओ) के दायरे को बढ़ाया है. सरकार ने दूरदराज के इलाकों सहित सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की बिक्री को सुचारू बनाए रखने का निर्देश दिया है.

### निजी खुदरा विक्रेताओं पर लगेगी लगाम

तेल मंत्रालय ने कहा सरकार ने अब दूरदराज के आरओ सहित सभी खुदरा दूकानों (पेट्रोल पंप) के लिए यूएसओ दायरे का विस्तार किया है. इसके तहत जिन संस्थाओं को खुदरा पेट्रोल और डीजल के लाइसेंस दिए गए हैं. नियमों का पालन नहीं करने पर लाइसेंस रद्द किया जा सकता है. यह कदम मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक और गुजरात जैसे राज्यों में सार्वजनिक क्षेत्र की फर्मों द्वारा संचालित कुछ पेट्रोल पंपों पर मांग अचानक बढ़ने के बाद स्टॉक खत्म होने के पश्चात उठाया गया है.

# गोदामों के माल के लिए कर्ज देगा महाबैंक



■ **मुंबई, एजेंसियां.** नेशनल ई-रिपॉजिटरी लिमिटेड, नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड द्वारा प्रचारित इलेक्ट्रॉनिक नेगोशिएबल वेयरहाउस रसीदें बनाने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ करार किया है. महाराष्ट्र के सभी प्रमुख जिलों में जमाकर्ताओं और किसानों को इलेक्ट्रॉनिक निगोशिएबल वेयरहाउस रिसीट्स के खिलाफ ऋण प्रदान करने के लिए महाबैंक नेशनल ई-रिपॉजिटरी लिमिटेड का 44 वां बैंक बन गया है. सचिन वागले ने कहा कि वेयरहाउसों का वेयर हाउसिंग डेवलपमेंट एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी पंजीकरण जमाकर्ताओं के लिए वैज्ञानिक और मानकीकृत भंडारण सुविधाएं खोलता है जो ऐसे गोदामों में अपनी वस्तुओं को जमा करते हैं. एनईआरएल के साथ हाथ मिलाने से महाबैंक पंजीकृत गोदामों में जमाकर्ताओं को ईएनडब्ल्यूआर के खिलाफ ऋण लेने में सक्षम करेगा.


**SBI**
**भारतीय स्टेट बैंक**
कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400021

**सूचना**

शेयरधारकों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि एसबीआई के शेयर का अंकित मूल्य रु. 10 से विभक्त करके रु. 1 करने की प्रक्रिया में बैंक द्वारा जारी शेयर प्रमाण-पत्र, जिनका अंकित मूल्य रु. 10 है, दिनांक 22 नवंबर 2014 से प्रभावी होकर अमान्य हो गए हैं. इस संबंध में दिनांक 05.11.2014 को भारत के राजपत्र में एक अधिसूचना प्रकाशित की गई थी. तदनुसार, सभी उद्देश्यों से, इस सूचना में दिए गए शेयरों के विवरण रु. 1 अंकित मूल्य के शेयर प्रमाण-पत्रों के हैं. एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक की निम्न उल्लेखित प्रतिभूतियों के लिए शेयर/बॉण्ड प्रमाण-पत्र पंजीकृत धारक/धारकों से उक्त शेयर/बॉण्ड की नियत अवधि में उपयुक्त रूप से पूर्णकृत अंतरण अनुबंध(धों) के साथ/बिना गुम/खो गए हैं और उन्होंने बैंक को उनके नाम से डुप्लिकेट शेयर/बॉण्ड प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है. कोई भी व्यक्ति जिसका उक्त शेयर/बॉण्ड के संबंध में कोई दावा है, उसे ऐसा कोई भी दावा बैंक के अंतरण अभिकर्ता, मे. एलेंकिट असाइनमेंट्स लिमिटेड, 205-208, अनारकली कॉम्प्लैक्स, झंडेवालाँ एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110055, (ई-मेल आईडी: sbi.igr@alankit.com) पर इस तिथि से 7 दिनों के भीतर के पास दर्ज करवाना चाहिए, अन्यथा, बैंक द्वारा किसी भी आगामी सूचना के बिना, डुप्लिकेट शेयर बॉण्ड प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी जाएगी.

**भारतीय स्टेट बैंक**

| क्र. सं. | फोलियो सं. | धारक(कों) का नाम | शेयरों की संख्या | प्रमाणपत्र संख्या | | विशिष्ट संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से | तक | से | तक |
| 1 | 01020552 | रविंदर पाल सिंह | 170 | 109297 | 109298 | 7400056101 | 7400056270 |
| 2 | 07120400 | कालिका सिंह | 200 | 235833 | 235833 | 7463427861 | 7463428060 |
| 3 | 00845411 | एम के राजनबाबू<br>आर चंद्रा | 670 | 80524 | 80525 | 7393017891 | 7393018560 |
| 4 | 00763994 | भीम सेन शर्मा<br>आरती शर्मा | 530 | 48911 | 48912 | 7385104031 | 7385104560 |
| 5 | 00882872 | दिलीप कुमार सिंह<br>दीपक कुमार सिंह | 530 | 93379 | 93380 | 7396067221 | 7396067750 |
| 6 | 07201592 | नटवरलाल मिश्रा | 30 | 241835 | 241835 | 7465552721 | 7465552750 |
| 7 | 02509737 | ए रानी | 500 | 198024 | 198024 | 7446298021 | 7446298520 |
| 8 | 01066726 | डी एन बद्रीनाथ<br>डी आर नागराजा गुप्ता | 500 | 113260 | 113260 | 7402894691 | 7402895190 |
| 9 | 01692007 | आरती विनायक कामत<br>श्री राजेंद्र विनायक कामत | 600 | 151882 | 151882 | 7422649981 | 7422650580 |
| 10 | 01812247 | पटेल दिलीपभाई मगनभाई | 500 | 154911 | 154911 | 7424171621 | 7424172120 |
| 11 | 01136263 | अवधेश कुमार शुक्ला | 500 | 118432 | 118432 | 7405496231 | 7405496730 |
| 12 | 00756538 | तुषार कांत चौधरी<br>अशोक कुमार चौधरी | 530 | 46528 | 46529 | 7384549011 | 7384549540 |
| 13 | 01424964 | पारेख वसंती चंपकलाल | 500 | 131639 | 131639 | 7412150221 | 7412150720 |
| 14 | 01791120 | वसंती चंपकलाल पारेख<br>श्री राजेश चंपकलाल पारेख | 500 | 154594 | 154594 | 7424015251 | 7424015750 |
| 15 | 07117179 | एन सेल्वाराज<br>अरिवाझागी | 400 | 234392 | 234392 | 7462801831 | 7462802230 |
| 16 | 07409244 | मोनी यू के | 110 | 6209861 | 6209861 | 8012664910 | 8012665019 |
| 17 | 07405645 | वी श्री कुमार | 220 | 6206329 | 6206329 | 8011488841 | 8011489060 |
| 18 | 06018267 | शशिकांत काशीनाथ पारुलेकर | 500 | 147718 | 147718 | 7420511941 | 7420512440 |
| 19 | 03160300 | सुशीला रानी वर्मा<br>बिपुल कुमार वर्मा | 530 | 214897 | 214898 | 7454908351 | 7454908880 |
| 20 | 01649801 | संजय जयंत आपटे<br>नितिन महादेव पाटील | 500 | 148318 | 148318 | 7420824821 | 7420825320 |
| 21 | 01114210 | मैथ्यू सीवी | 600 | 116864 | 116864 | 7404715601 | 7404716200 |
| 22 | 02121076 | अशोक कुमार गुप्ता | 600 | 173101 | 173101 | 7433483191 | 7433483790 |
| 23 | 00734651 | सतीश चंद्र मधुकर पाडलकर<br>कविता सतीशचंद्र पडलकर | 190 | 38506 | 38507 | 7382561071 | 7382561260 |
| 24 | 01513798 | श्रीमती बिन्दुबेन नवीनचंद्रा पांड्या<br>श्री नवीनचंद्रा चंद्रकांत पांड्या | 500 | 137557 | 137557 | 7415198261 | 7415198760 |
| 25 | 02312690 | रामिंदर कौर | 500 | 190229 | 190229 | 7442315191 | 7442315690 |
| 26 | 01272404 | सुष्मित रॉय | 600 | 126632 | 126632 | 7409674001 | 7409674600 |
| 27 | 01513797 | श्री नवीनचंद्र चंद्रकांत पांड्या<br>श्रीमती बिंदुबेन नवीनचंद्र पांड्या | 500 | 137556 | 137556 | 7415197761 | 7415198260 |
| 28 | 01457946 | मालागी संगप्पा | 500 | 133746 | 133746 | 7413209241 | 7413209740 |
| 29 | 01190556 | एम आर जवाहर लाल<br>एम जे विजयलक्ष्मी | 500 | 122215 | 122215 | 7407422761 | 7407423260 |
| 30 | 02128803 | चिनारी प्रकाश चंद्रा | 500 | 174145 | 174145 | 7434019401 | 7434019900 |
| 31 | 01588702 | जेसी डिसूजा | 500 | 142437 | 142437 | 7417782301 | 7417782800 |
| 32 | 07407860 | रमेश वी | 110 | 6208517 | 6208517 | 8012385033 | 8012385142 |
| 33 | 02232732 | विनोद कुमार जजोदिया | 500 | 183443 | 183443 | 7438842741 | 7438843240 |
| 34 | 00824056 | अंजलि लिंडेम | 160 | 72438 | 72439 | 7390870131 | 7390870290 |
| 35 | 00822959 | प्रदीप कुमार घोष | 530 | 71859 | 71860 | 7390718061 | 7390718590 |
| 36 | 02074682 | आशीष गिलानी<br>संदीप गिलानी | 500 | 171261 | 171261 | 7432544081 | 7432544580 |
| 37 | 02524453 | वामखेड़े संजीव पंडितराव | 650 | 198822 | 198822 | 7446715641 | 7446716290 |
| 38 | 01105201 | ए वाई चिंतामणि | 500 | 116270 | 116270 | 7404421271 | 7404421770 |
| 39 | 02355765 | सावित्री शर्मा | 600 | 191681 | 191681 | 7443045391 | 7443045990 |
| 40 | 02286632 | नागशाम कुल चंद्रा सिंह | 500 | 188752 | 188752 | 7441544741 | 7441545240 |
| 41 | 00802657 | अमिताभ कुमार श्रीवास्तव | 30 | 62853 | 62853 | 7388415011 | 7388415040 |

**उपरोक्त आँकड़े स्टॉक विभक्ति के परिणामस्वरूप रु. 1/- के अंकित मूल्य के वर्तमान शेयरों के विवरण प्रस्तुत करते हैं (रिकॉर्ड दिनांक 21.11.2014).**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 18.06.2022

शेयरों की संख्या: 18090
प्रमाण पत्रों की संख्या: 50

महाप्रबंधक
(शेयर एवं बांड)


## खेल

# जायसवाल, जाफर का शतक

## रणजी : मुंबई की कुल बढ़त 662 रन की

■ **बेंगलुरु, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** यशस्वी जायसवाल और अरमान जाफर के शानदार शतकों से कई बार की चैम्पियन मुंबई ने शुक्रवार को रणजी ट्राफी सेमीफाइनल के चौथे दिन अपनी कुल बढ़त 600 रन से पार कर उत्तर प्रदेश को 'बैकफुट' में पहुंचा दिया. इन दोनों बल्लेबाजों ने दबदबा बनाते हुए तेजी से रन जुटाए जिससे अब सुनिश्चित हो गया है कि 41 बार की रणजी ट्राफी विजेता फाइनल में पहुंच जाएगी. कोच अमोल मजूमदार की टीम ने स्टंप तक दूसरी पारी में 4 विकेट पर 449 रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त 662 रन की हो गई है. क्वार्टर फाइनल में अपना पहला शतक जड़ने वाले जायसवाल (181) ने इस मुकाबले में लगातार शतक जड़ दिए हैं. उन्होंने और जाफर (127) ने मिलकर उत्तर प्रदेश के कमजोर आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं.



### दूसरे विकेट के लिए 286 रन जोड़े

पहले ही 346 रन की बढ़त से आगे खेलने वाली मुंबई ने सुबह दूसरी पारी 1 विकेट पर 133 रन के स्कोर से शुरू की. जायसवाल और जाफर की युवा बल्लेबाजी जोड़ी ने फिर शानदार दबदबा बनाया. जाफर ने निश्चित रूप से अपने चाचा वसीम को अपने प्रदर्शन से गौरवान्वित किया होगा. मुंबई के दोनों युवा बल्लेबाजों ने उत्तर प्रदेश के गेंदबाजों पर कई लाजवाब शाट्स जमाकर दूसरे विकेट के लिए 286 रन की साझेदारी निभाई. जायसवाल ने 372 गेंद की पारी में 23 चौके और 1 छक्का जमाया जबकि जाफर ने 259 गेंद की पारी में 15 चौके और 2 छक्के लगाए.

### UP ने 9 गेंदबाजों को आजमाया

उत्तर प्रदेश को दिन का पहला विकेट हासिल करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा. तेज गेंदबाज शिवम मावी (36 रन देकर 1 विकेट) ने पारी के 107वें ओवर में जाफर को आउट कर विशाल साझेदारी का अंत किया. लेकिन जायसवाल ने इच्छानुसार शॉट खेलना जारी रखा और किसी गेंदबाज को नहीं बख्शा. जायसवाल अपने दोहरे शतक से चूक गए जिन्हें प्रिंस यादव (69 रन देकर 2 विकेट) ने आर्यन जुवल के हाथों के कैच आउट कराया. उत्तर प्रदेश ने सुवेद पार्कर (22) और जायसवाल के लगातार 2 विकेट झटके लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. उत्तर प्रदेश ने दिन में 3 विकेट झटकने के लिए 9 गेंदबाजों को आजमाया. बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार (105 रन देकर 1 विकेट) सबसे मंहगे गेंदबाज रहे, जिन पर जाफर और जायसवाल ने काफी रन बटोरे. स्टंप तक सरफराज खान 23 और शम्स मुलानी 10 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे. अब सिर्फ अंतिम दिन यह देखना होगा कि मुंबई जीत या पहली पारी की बढ़त के आधार पर फाइनल में पहुंचेगी.

# 82 रन से जीता भारत

## T20 सीरीज 2-2 से बराबर

■ **राजकोट, एजेंसियां.** दिनेश कार्तिक (55 रन) के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहले अर्धशतक के बाद आवेश खान (18 रन देकर 4 विकेट) और अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां चौथे टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 82 रन की जीत से 5 मैचों की श्रृंखला 2-2 से बराबर की. इससे श्रृंखला का फैसला 19 जून को बेंगलुरू में होने वाले पांचवें टी20 मैच से होगा. श्रृंखला में 0-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए भारत की दक्षिण अफ्रीका पर टी20 में यह सबसे बड़ी जीत है. कार्तिक (27 गेंद, 9 चौके, 2 छक्के) ने अपने टी20 पदार्पण के करीब 16 साल बाद पहला अर्धशतक जड़ा और उप कप्तान हार्दिक पंड्या (46 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 33 गेंद में 65 रन की साझेदारी से भारत को 6 विकेट पर 169 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में मदद की. इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम 16.5 ओवर में महज 87 रन पर सिमट गयी.



**कार्तिक का अर्धशतक**

**रिकॉर्ड** वनडे इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, 3 बल्लेबाजों ने जड़ी सेंचुरी

# इंग्लैंड का ऐतिहासिक प्रदर्शन

■ **लंदन, एजेंसियां.** इंग्लैंड ने 3 वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ विस्फोटक बल्लेबाजी की. उसने शुक्रवार को एम्स्टेल्विन में 50 ओवर में 4 विकेट पर 498 रन बनाए. यह वनडे इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है. इंग्लैंड ने अपने ही पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा. उसने इससे पहले आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2018 में नॉटिंघम में 6 विकेट पर 481 रन बनाए थे.

इंग्लैंड के लिए 3 बल्लेबाजों ने पारी में शतक लगाए. जोस बटलर ने तो 70 गेंद पर ही नाबाद 162 रन ठोक दिए. उन्होंने अपनी पारी में 14 छक्के और 7 चौके लगाए. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 231.43 का रहा. डेविड मलान ने 109 गेंदों पर 125 रन बनाए. उन्होंने 9 चौके और 3 छक्के लगाए. फिलिप सॉल्ट ने 93 गेंदों पर 122 रन बनाए. उन्होंने 14 चौके और 3 छक्के लगाए. नीदरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया. उसका यह निर्णय शुरू में तो सही साबित हुआ. शेन स्नैटर ने अपने चचेरे भाई जेसन रॉय को क्लीन बोल्ड कर टीम को पहली सफलता दिलाई. रॉय 7 गेंद पर 1 रन ही बना सके. उनके आउट होने के बाद मलान क्रीज पर उतरे. उन्होंने फिलिप सॉल्ट के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 222 रनों की साझेदारी की.



- **अब तक का सर्वोच्च स्कोर :** 498/4
- **एक पारी में लगे सर्वाधिक छक्के :** 26
- **कुल स्कोर में बाउंड्री से आए रन :** 300
- **इंग्लैंड का दूसरा सर्वोच्च स्कोर :** 481/6
- **इंग्लैंड का तीसरा सर्वोच्च स्कोर :** 444/3
- **सेकेंड फास्टेस्ट 50 :** लिविंगस्टोन (17 गेंद)
- **सेकेंड फास्टेस्ट 150 :** बटलर (65 गेंद)

### वनडे हिस्टरी में तीसरा मौका

वनडे क्रिकेट के इतिहास में यह सिर्फ तीसरा मौका है, जब एक पारी में 3 बल्लेबाजों ने शतक जमाए हैं. इससे पहले साउथ अफ्रीका की ओर से 2015 में वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ एक पारी में 3-3 शतक जमाए गए थे.

# 2 सत्रों में हो IPL : वाडिया

**राजकोट (ए).** पंजाब किंग्स के सह मालिक नेस वाडिया का मानना है कि बीसीसीआई ने मीडिया अधिकार से 6.2 अरब डॉलर की मोटी धनराशि हासिल की है और इसलिए अब आईपीएल को 2 अलग-अलग सत्रों में आयोजित किया जाना चाहिए. वाडिया ने उम्मीद जताई कि आईपीएल में अधिक घरेलू मैच होंगे और इसका सत्र लंबा खिंचेगा.


**मुंबई भवन मरम्मत एवं पुनर्निर्माण मंडल, मुंबई**
**(म्हाडा की इकाई)**
**मुख्य पोर्टल : https://mahatenders.gov.in**
**म्हाडा पोर्टल : https://mhada.maharashtra.gov.in**

कार्यकारी अभियंता जी/एन डिवीजन/मुंबई भवन मरम्मत एवं पुनर्निर्माण मंडल, म्हाडा की इकाई, सोनावाला बिल्डिंग, तल मंजिल, क्र. 8, एस. ए. पालव मार्ग, शिंदेवाडी, दादर (पू), मुंबई - 400 014 द्वारा **मुंबई शहर जिला में उप जिला पंजीयक** के पास समुचित श्रेणी अंतर्गत म्हाडा के साथ पंजीकृत **लेबर को-ऑपरेटिव सोसायटी** से बी-1 प्रपत्र (प्रतिशत दर) में ऑनलाइन डिजीटल हस्ताक्षरित निविदा अंतर्गत 10 कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है. ई-निविदा उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध होगी. बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किये जा सकते हैं. निविदा अनुसूची निम्नानुसार है :

| अ. क्र. | चरण | समयावधि की तिथि | अ. क्र. | चरण | समयावधि की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज बिक्री का प्रारंभ | 20.06.2022 को सुबह 10.30 बजे | 2 | दस्तावेज बिक्री का समापन | 04.07.2022 को शाम 6.15 बजे |
| 3 | तकनीकी बोली का खुलना | 05.07.2022 को सुबह 10.30 बजे से | 4 | मूल्य बोली का खुलना | 06.07.2022 को सुबह 10.30 बजे से |

सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है. शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा.
**टिप्पणी 1.** कृपया वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना का अवलोकन करें.
**टिप्पणी 2.** शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि कोई होगा, तो उसे केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा.

हस्ता./-
**कार्यकारी अभियंता "जी/एन" डिवी.,**
**एम. बी. आर. एंड आर. बोर्ड**

**म्हाडा - राष्ट्र का अग्रणी गृहनिर्माण प्राधिकरण**
सीपीआरओ/ए/310